दैनिक पंचांग

17 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	कर्क	05.27 बजे से
चंद्र	सिंह में	सिंह	07.43 बजे से
मंगल	वृष में	कन्या	09.55 बजे से
बुध	मिथुन में	तुला	12.06 बजे से
गुरु	कर्क में	वृश्चिक	14.20 बजे से
शुक्र	सिंह में	धनु	16.36 बजे से
शनि	मीन में	मकर	18.41 बजे से
राहु	कुंभ में	कुंभ	20.28 बजे से
केतु	सिंह में	मीन	22.01 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मेष	23.31 बजे से
		वृष	01.11 बजे से
		मिथुन	03.09 बजे से

शुक्रवार 2026 वर्ष का 198 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास आषाढ़ पक्ष शुक्ल
तिथि तृतीया 06.28 बजे तदनन्तर चतुर्थी 04.43 बजे प्रातः को समाप्त।
नक्षत्र मघा 18.35 बजे को समाप्त।
योग व्यतीपात 22.46 बजे को समाप्त।
करण गर 06.28 बजे, वणिज 17.31 बजे तदनन्तर विष्टि 04.43 बजे प्रातः को समाप्त। चन्द्राय 2.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 14'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872773
जूलियन दिन 2461238.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1448
महीना सफर तारीख 02
विशेष विनायक चतुर्थी व्रत।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चर	05.55 से	07.23 बजे तक	रोग	05.38 से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक	काल	07.11 से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15 बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19 बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक	चर	02.51 से	04.23 बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक	रोग	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अशुभ व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। #Jagrutidaur.com, Bangalore

नील ग्रगन के नक्षत्र

2	3	9	0
138	120	117	280
570	139	360	479
688	229	667	668

दिन-
मधुर डे- मधुर नाइट-
मिलन डे- मिलन नाइट-

हमारा साप्ताहिक न्यूज पेपर
आपका सपना
मूल्य मात्र 25/- रुपये
जिसमें आपको मिलेगा :
कल्याण मेनबाजार-
कल्याण नाईट-
मिलन डे-मिलन नाईट
साथ मे श्रीदेवी व श्रीदेवी नाईट बाजार के सुपर चांस
सप्ताह की डेली लाईन जोडी पेनल के बेजोड चांस जो किसी पेपर मे नही मिलेगे
आपका सपना साप्ताहिक न्यूज पेपर पूर्व मे उजाले का चक्र नाम से प्रकाशित होता था जिसके संपादक योगेश कुमार है अब हमारे नये नाम आपका सपना के नामसे प्रकाशित हो रहा है
एजेन्ट बन्धु के लिए 30% से 40% कमीशन
आज ही अपने निकट के न्यूज पेपर एजेन्ट से खरीदे.
मोबाईल पर पेपर कॉपी का 100/- रुपये
सम्पर्क करें : सम्पर्क-9898203888-9106170742

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमी तिथि, तीज, शुक्रवार, मघा नक्षत्रे, सिद्ध योगे, गरकरणे, सिंह की चंद्रमा, भद्रा 38/44, मूल समाप्त रात्रि 10/34 कर्क, रवि 14/02 रवियोग, 43/05 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, जिद्दी हठी, दार्शनिक, उतम वृत्ति वाला, भोगी, योगी, कुशल वक्ता, शासक प्रशासक, सैनिक, सिपाही, ब्रिगेडियर, कर्नल, सेवानायक, दस्तानायक, हवलदार, सूबेदार तथा कार्यवाहक होगा।

मेष राशि : दूसरी के झंझट में फंसने से बचे अथवा विशेष हानि का योग बन रहा है, ध्यान दे।

वृष राशि : कार्य सिद्ध के योग बने, परिश्रम करने पर भी नए कार्य की सफलता प्राप्त होगी।

मिथुन राशि : तत्परता से कार्य निपटाना ही उतम है, चोट आदि का भय, धन हानि होगी।

कर्क राशि : स्वभाव में उद्विग्नता से बचिए, अर्थव्यवस्था अनुकूल रहेगी, समय का ध्यान रखे।

सिंह राशि : योजना फलीभूत हो, कुटुम्ब से शुभ समाचार प्राप्त होंगे, रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

कन्या राशि : स्त्री वर्ग से हर्ष उल्लास, योजनाएं फलीभूत होगी, सोचे हुए कार्य बन जाएंगे।

तुला राशि : कुछ कार्यों में स्थाई सामर्थ्य वृद्धि, प्रयत्नशीलता सफल होगी, ध्यान रखे।

वृश्चिक राशि : कुटुम्ब से परेशानी, स्वभाव में खिन्नता, मानसिक बेचैनी बने, कह होगा।

धनु राशि : तनाव व्लेश, स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक बेचैनी, स्वभाव स्थिर रहेगा।

मकर राशि : इष्ट मित्र कष्ट प्रद हो, आशानुकूल सफलता का हर्ष तथा विशेष लाभ होगा।

कुंभ राशि : समय की अनुकूलता से लाभान्वित होगे तथा स्वभाव में खिन्नता बनेगी।

मीन राशि : व्यर्थ भ्रमण व भय से बचे तथा दैनिक कार्य बाधा अवश्य ही आएगी।

शुक्रवार को लौंग से आजमाएं ये टोटके

घर में सुख-समृद्धि के लिए करें यह टोटका- शुक्रवार को सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करें और फिर, माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा करें। इसके बाद, शाम के समय घन की देवी लक्ष्मीजी की आराधना करें और उन्हें पान में एक लौंग के साथ कपूर अर्पित करें। इस दौरान ओम ह्रीं श्रीं कमले कमलालये नम: मंत्र का जाप भी अवश्य करें। शुक्रवार के दिन इस टोटके को करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा परिवार के सभी सदस्यों पर बनी रहती हैं।

धन-वैभव में वृद्धि का टोटका- हिंदू धर्म में दिन में दो बार पूजा करने का खास महत्व होता है। ऐसे में शुक्रवार के दिन भी माता लक्ष्मी की दिन में दो बार पूजा-अर्चना अवश्य करनी चाहिए। साथ ही, अगर आप इस दौरान एक छोटा सा टोटका बना लें, तो इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होने लगती है। इसके लिए माता लक्ष्मी की आरती के समय लाल बाती में लौंग लपेटकर जलाना चाहिए। इसके अलावा, आप बाती के साथ लौंग भी जला सकते हैं।

ग्रहों के अशुभ प्रभाव को दूर करने का टोटका- इसके लिए शुक्रवार के दिन माता लक्ष्मी की पूजा के समय उन्हें गुलाब के फूलों के साथ 2 लौंग जरूर अर्पित करें। ऐसा लगातार 40 शुक्रवार को करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। इसके अलावा, आप शिवलिंग पर भी लौंग अर्पित कर सकते हैं।

कार्यों में सफलता पाने का टोटका- अगर कड़ी मेहनत और लगन के बाद भी आपको जरूरी कार्यों में सफारात्मक परिणाम नहीं मिलते हैं, तो इसके लिए किसी भी शुभ काम के लिए घर से निकलने से पहले मुंह में दो लौंग जरूर रख लें। ऐसा करने आप जिस काम के लिए घर से निकल रहे हैं वह पूर्ण हो सकता है।

शुक्रवार को भूलकर भी न करें यह काम- मान्यता है कि शुक्रवार के दिन अगर आपको कोई भी व्यक्ति लौंग के साथ सफेद वस्तु दे, तो उसे नहीं लेना चाहिए। कहा जाता है कि इन चीजों को लेने से व्यक्ति को कई मामलों में नुकसान का सामना करना पड़ सकता है और बनते हुए काम भी बिगड़ने लगते हैं।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

एकलव्य स्कूल में पास-फेल का खेल : शासकीय खरीदी में अनियमितता और छात्रों पर दबाव के आरोप, कलेक्ट्रेट पहुंची शिकायत

अभिभावकों का दावा लेन-देन करो तो पास, नहीं तो फेल, शासकीय खरीदी में अनियमितताए टीसी का दबाव और छात्रावास की अव्यवस्थाओं की भी जांच की मांग

बड़वानी।
राजपुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय और नरावला छात्रावास एक साथ गंभीर आरोपों के घेरे में आ गए हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे और विद्यालय के प्राचार्य मुख्तार आलम सहित प्रबंधन के खिलाफविस्तृत शिकायत सौंपते हुए निष्पक्ष जांच, तत्काल कार्रवाई और प्राचार्य को हटाने की मांग की। शिकायत में छात्रों के भविष्य से कथित खिलवाड़, ले देकर पास कराने, करोड़ों रुपये की खरीदी में अनियमितता, छात्रावास की बदहाल व्यवस्था तथा अभिभावकों से दुर्व्यवहार जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि विद्यालय में कुछ विद्यार्थियों को पास कराने के नाम पर अभिभावकों से लेन देन की मांग की जाती है। यदि कोई देने से इनकार करता है, तो उसके बच्चे को फेल घोषित कर उसी कक्षा में रोकने का दबाव बनाया जाता है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि जनवरी से मार्च के बीच बिना पीटीए बैठक और क्रय समिति की स्वीकृति के करीब 1.40 करोड़ रुपये की सामग्री खरीदी गई। अभिभावकों

ने इस पूरे वित्तीय मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि अभिभावकों को बच्चों से मिलने नहीं दिया जाता और विरोध करने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी जाती है। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, छात्रों को डराने-धमकाने, दूध वितरण में गड़बड़ी, शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध नहीं कराना, छात्रावास में अनुशासनहीनता और मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी जैसे आरोप भी शिकायत का हिस्सा हैं। रणगांव डेव निवासी मदन खर्ते ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी ज्योति खर्ते को विद्यालय प्रबंधन ने दो विकल्प दिए या तो 9वीं कक्षा में फेल छात्रा के रूप में पढ़ाई जारी रखे या फिर 10वीं पास की अंकसूची और ट्रांसफर सर्टिफिकेट लेकर विद्यालय छोड़ दे। उनका दावा है कि इसी तरह 14 से 15 अन्य विद्यार्थियों के साथ भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नरावला छात्रावास से जुड़े एक अन्य मामले में छात्रा रागिनी पटेल के परिजनों ने आरोप लगाया कि पहले छात्रा को 9वीं में उत्तीर्ण बताकर 10वीं में प्रवेश दिया गया, करीब डेढ़ माह पढ़ाने के बाद अचानक पूरक परीक्षा की सूचना देकर उसे फिर 9वीं में अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय छोडऩे पर पास की अंकसूची देने और विद्यालय में रहने पर फेल मानने जैसी शर्त रखी गई। छात्र कृष्णा मोरे ने भी आरोप लगाया कि उसे 9वीं में फेल बताकर छात्रावास में रहने के लिए उसी कक्षा में दोबारा बैठने को कहा गया। जब उसने विद्यालय छोडऩे का निर्णय लिया, तो उसे पास की अंकसूची देकर दूसरे विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए भेज दिया गया। छात्र ने यह भी आरोप लगाया कि पहले की तुलना में छात्रावास की सुविधाएं लगातार खराब हुई हैं। इस पूरे मामले में विद्यालय के प्राचार्य का पक्ष जानने के लिए सम्पर्क किया गया। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को बुधवार सुबह 11 बजे विद्यालय आने के लिए कहा था, लेकिन तय समय पर पहुंचने के बावजूद उन्होंने मुलाकात नहीं की। बाद में फोन पर भी सम्पर्क नहीं हो सका। शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रशासन ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए नियमानुसार जांच कराने का आश्वासन दिया है। अब सभी की नजर जांच रिपोर्ट और उसके आधार पर होने वाली कार्रवाई पर टिकी है।

जैन समाज के अभय की आंखों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

बड़वानी। जैन परिवार के अभय जैन के निधन पर परिवार ने दुरूखद परिस्थिति में सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए नेत्रदान का निर्णय लिया। समाज के अजित जैन ने परिवार को नेत्रदान के लिए तैयार कर डॉ पहाडिय़ा को सूचना दी। सूचना मिलते ही नेत्रदान में अग्रणी होकर कार्य कर रहे डॉ पहाडिय़ा, अजित जैन, निमिषा भोसले ने नेत्रदान संपन्न कराया और कॉर्निया को सुरक्षित रूप से एमके इंटरनेशनल आँइ बैंक इंदौर पहुंचाया।

समाजसेवी अजित जैन ने बताया कि जैन परिवार ने अनजान लोगों को रोशनी मिल सके, इसलिए स्वयं के दुरूख को कुछ पल के लिए भुलाकर नेत्रदान का निर्णय लिया। दुरूखद समय में भी नेत्रदान का निर्णय लेकर लोगों के अंधयारे जीवन में रोशनी भरने वाले हेमंत मेहता, संजय मेहता, कैलाश मेहता एवं सुनील मेहता का रोटरी क्लब बड़वानी ने आभार व्यक्त किया। समाज में नेत्रदान के प्रति निरंतर जागरूकता से 13 दिन में 6 नेत्रदान सम्भव हो पाए हैं।

कन्या विद्यालय की छात्राओं का किया परीक्षण, जिला चिकित्सालय ने वितरित किए नि:शुल्क चश्में

बड़वानी। सीएमएचओ डॉ जयपालसिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ मनोज खत्रा एवं डीपीएम डॉ विमलेश चोयल मार्गदर्शन में उप जिला कार्यक्रम प्रंन्धक (अन्धतव) अनिल राठौर के नेतृत्व में नेत्र परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें नेत्र सहायक दीपक सोनी, रविन्द्र टेकाम एवं जयनारायण कुशवाह द्वारा शाकउमा विद्यालय की छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया।

इस दौरान कई छात्राओं को दृष्टिदोष पाया गया। इसके बाद

छात्राओं की चश्में के नंबर की जांच की गई। इसके बाद 16 जुलाई 2026 को जिला चिकित्सालय की तरफ से 25 चश्में निरूशुल्क दिए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य शाकउमावि मो मुस्तकिम खान एवं स्कूल के स्टॉफका सहयोग रहा। मो मुस्तकिम खान प्रतिवर्ष विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण कराकर निरूशुल्क चश्में वितरित कराते हैं। वहीं अनिल राठौर ने विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष नेत्र परीक्षण कराने की सलाह दी।

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में रानीपुरा से नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ

बड़वानी। माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रेरणा एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत बड़वानी जिले में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के नेतृत्व में थाना राजपुर क्षेत्र के ग्राम रानीपुरा में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस विशेष अभियान के माध्यम से जिलेभर में जागरूकता रथ, जनसंवाद एवं विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों के जरिए महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू तथा अन्य प्रकार के नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, विधायक बड़वानी राजेंद्र

मंडलोई, अध्यक्ष जिला बड़वानी अजय यादव एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर नशे से होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए आमजन को नशामुक्त समाज निर्माण के लिए जागरूक करेगा। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों व ग्रामीण जनों को प्रोत्साहित करते हुए हेलमेट वितरित कर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित बड़वानी के निर्माण में सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

जीआईएस आधारित बड़वानी विकास योजना के प्रारूप का प्रकाशन हुआ राजपत्र में, आमजन से 19 जुलाई तक दावे-आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तैयार की गई जीआईएस आधारित बड़वानी विकास योजना 2045 (प्रारूप) का प्रकाशन मध्यप्रदेश राजपत्र में 19 जून 2026 को किया गया है। इसमें भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक, सार्वजनिक सेवाएं एवं सुविधाएं एवं मिश्रित भूमि उपयोग, सड़क नेटवर्क, यातायात व्यवस्था, हरित क्षेत्र, आमोद-प्रमोद तथा अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं के विकास का प्रावधान किया गया है। राजपत्र प्रकाशन के बाद योजना पर एक माह की अवधि के लिए आमजन से आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19 जुलाई 2026 है। श्रीमती कविता नागर सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय खरगोन एवं बड़वानी द्वारा बताया गया कि आपत्ति/सुझाव प्राप्त करने के लिए 18 एवं 19 जुलाई को शनिवार एवं रविवार अवकाश होने के बाद भी कार्यालय खुला रहेगा।

राशन घोटाले करने वाले प्रबंधक और विक्रेता को जेल

बड़वानी। गरीबों के हक के राशन में कथित गड़बड़ी करने वाले आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मेणीमाता द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान बोरी ग्राम सामरखेड़ा के प्रबंधक लालसिंग पिता नानसिंग चौहार और विक्रेता राजू पिता बिहारी अलावे को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। बहुचर्चित राशन वितरण अनियमितता प्रकरण में न्यायालय ने पाया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले खाद्यान्न के वितरण एवं स्टॉक में गंभीर अनियमितताएं हुई थी।

मामले के अनुसार जांच के दौरान दुकान के पीओएस रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक के सत्यापन में गेहूं एवं चावल की बड़ी मात्रा कम पाई गई थी। शिकायतों और जांच के बाद प्रबंधक लालसिंह चौहान तथा विक्रेता राजू अलावे के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं आपराधिक न्यास भंग के आरोपों में प्रकरण दर्ज किया गया था।

विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने तकनिकी, दस्तावेजी साक्ष्य एवं गवाहों के माध्यम से आरोप सिद्ध किए। विशेष न्यायाधीश एलडी सोलंकी द्वारा 16 जुलाई को दोनों आरोपियों को 4-4 वर्ष के कठौर कारावास तथा 25-25 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर 6 माह का अतिरिक्त कठौर कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि यदि ऐसे मामलों में उदारता बरती जाए तो समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। गरीब एवं पात्र हितग्राहियों के लिए भेजे गए राशन में अनियमितता जनहित के विरुद्ध गंभीर अपराध है। इस फैसले को सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़ा संदेश है। प्रकरण में शासन की ओर से प्रभावी पैरवी अपर लोक अभियोजक जगदीश यादव ने की।

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का बड़वानी में भव्य शुभारंभ, कलेक्टर और एसपी ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

नशामुक्त बड़वानी के संकल्प के साथ निकाली गई विशाल जन-जागरूकता रैली, विद्यार्थियों, शिक्षकों, पुलिस बल और सामाजिक संगठनों ने ली नशामुक्ति की सामूहिक शपथ

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले को पूर्णतरू नशामुक्त बनाने और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से 15 जुलाई से नशे से दूरी है जरूरी 2.0 विशेष जन-जागरूकता अभियान का शंखनाद किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती काजल जावला ने थाना कोतवाली से जन-जागरूकता रैली एवं विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस गरिमामयी आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, शिक्षकगण, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स, स्काउट-गाइड, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, पुलिस बल और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी, जहां गगनभेदी नारों और प्रेरक संदेशों के माध्यम से आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफएकजुट होने की अपील की गई।

नशामुक्त समाज के निर्माण में जनसहभागिता अनिवार्य रू कलेक्टर- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने कहा कि नशे की समस्या पर केवल प्रशासनिक प्रयासों से काबू नहीं पाया जा सकता, इसके लिए जन-जन की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं से अपील की कि वे अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए नशे से दूर रहें और इस अभियान को एक सशक्त जनआंदोलन का रूप दें।

हर थाने और गाँव तक पहुँचेगी अलख रूएसपी - पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने समाज और परिवारों के बिखरने के पीछे नशे को एक बड़ा कारण बताया। उन्होंने जानकारी दी कि 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर निबंध, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद और खेलकूद जैसी विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के जरिए जागरूकता फैलाई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ भी दिलाई।

वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति- इस ऐतिहासिक शुभारंभ अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया, रक्षित निरीक्षक चेतन बघेल, थाना प्रभारी कोतवाली बलजीत बिसेन सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा। यह विशेष अभियान पूरे बड़वानी जिले में आगामी 30 जुलाई 2026 तक निरंतर जारी रहेगा।